हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 7 मई 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

14 सुशासन तिहार : संवेदनशील क्षेत्र के ग्रामीणों की सुनी ...



14 नाबालिग बालिका का अपहरण कर ले जाना...





खबर संक्षेप

## राशन कार्ड बनगे मोर करम खुलगे



**कांकेर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के अंतागढ़ विकासखंड के सुदूर एवं संवेदनशील गांव ताड़ोकी में जिला स्तरीय समाधान शिविर में राशन कार्ड बनाने सतीघाट कोसरोंडा से अमरबती बाई राशन कार्ड बनाने पहुंची थी, मौके पर राशन कार्ड बनाकर दिया गया। उनके साथ आई उनकी माता फूलोबाई ने गद्गद होकर कहा राशन कार्ड बनगे, मोर करम खुलगे। इस प्रकार समाधान शिविरों में आमजनता और ग्रामीणों की समस्याओं का फौरी तौर पर समाधान हो रहा है।

## दो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत हुई कार्रवाई



**कांकेर।** चारामा पुलिस ने अवैध रूप से बेचने और सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में आरोपी चारामा निवासी देवेंद्र देवांगन 5 मई को सार्वजनिक स्थान पर बैठकर सेवन करते हुए पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा चारमा पुलिस की दूसरी कार्रवाई में दमकसा निवासी राकेश कुंजाम को आंवरी चौक चारामा के पास रोककर तलाशी ली गई। उसके कब्जे से 16 नग देशी प्लेन शराब कीमत 1 हजार 440 रुपए और नकद 150 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (ए) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## एकलव्य में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 8 व 9 मई को

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम विभागीय वेबसाइट में अपलोड किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अनुसार 6 वीं में प्रवेश के लिए 08 एवं 09 मई को प्रातः 10 से अपरान्ह 04 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय इमलीपारा में जिला स्तर पर काउंसलिंग कर विद्यालय आबंटन की कार्यवाही किया जाएगा। कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए मेरिट और आरक्षण का पालन करते हुए काउंसलिंग के लिए सूची तैयार की गई है।

## सुशासन तिहार में राशन कार्ड में जुड़ गया ललिता का नाम

**सुकमा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार अभियान, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़रूरतमंदों तक पारदर्शिता के साथ और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से पहुँचाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिका सुकमा निवासी ललिता बेहरा पति संजय बेहरा के द्वारा राशन कार्ड में नाम जोड़ने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसे तत्काल सीएमओ पीआर कोर्राम के द्वारा संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया था। पत्रतानुसार आवेदक को बुलाकर राशन कार्ड में नाम जोड़कर नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। सुशासन तिहार में आवेदन शेष पेज 12 पर

### अभियान : नक्सलियों के बड़े लीडर अल्टीमेटम देने के बाद हो गए भूमिगत

# माओवादियों की मांद में लगातार घुस रही फोर्स, मुठभेड़ करने से भाग रहे नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- कांकेर पुलिस की टेक्निकल टीम नक्सलियों के बड़े लीडरों पर रखे हुए है नजर
- तेंदूपत्ता सीजन में नक्सली सक्रिय होते हैं, उनकी गतिविधियों पर पुलिस की बनी हुई है निगाह



जिले में आमाबेड़ा, पानीडोबीर, अंतागढ़, आबूझमाड़ के सटे इलाके, दुर्गूकोंदल और मानपुर मोहला के बार्डर पर सक्रिय नक्सली पूरी तरह से भूमिगत हो गए है। फोर्स लगातार जंगलों में जा रही है, परंतु फोर्स की आहट लगते ही गायब हो रहे हैं। अंदरूनी इलाको में चर्चा है कि जिले में सक्रिय स्थानीय सक्रिय नक्सली सरेंडर के फिराक में है और कभी भी सामने आ सकते हैं।

जानकारी के अनुसार अबूझमाड़ और कांकेर जिले के बार्डर, आमाबेड़ा के इलाके में नक्सलियों का जिस तरह का मूवमेंट होता था, उस पर विराम लग गया है। कांकेर जिले से फोर्स लगातार इन इलाकों पर सर्चिंग पर निकल रही है, परंतु नक्सली मुठभेड़ करने के बजाय गायब हो जाते हैं। नक्सली इस समय पूरी तरह से बैकफुट में चल रहे और भूमिगत हो चुके है। तेंदूपत्ता के सीजन में नक्सलियों का मूवमेंट इन इलाकों पर बढ़ जाता था, परंतु मूवमेंट अभी नजर नहीं आ रहा है। गांव के लोग भी कह रहे कि देश के गृहमंत्री के अल्टीमेटम देने के बाद से नक्सली लड़ने के विचारधारा में नहीं है, बल्कि बचाव के मूड में चल रहे है। गांव वालों का कहना था कि इस समय स्थानीय नक्सली सक्रिय हो जाते थे और पंपलेट व पोस्टर फेंकते रहते थे। इस प्रकार की गतिविधियां अभी कतई नजर नहीं आ रही है। हरिभूमि टीम ने जिले के अंदरूनी गांव का भ्रमण किया, जो डर लोगों में दिखाई देता था, उससे लोगों को अभी तो निजात मिल गई है। ग्रामीण अब बेफिक्र होकर अपने काम कर रहे है, उनसे जो लेवी वसूली जाती थी, उस पर भी अभी विराम लगा हुआ है। तेंदूपत्ता की तोड़ाई और



सूखने का काम बढ़ता है, उसके बाद पता शेष पेज 12 पर

### कंपनी नंबर 05 को खत्म करने के फिराक में

कांकेर पुलिस कंपनी नंबर 05 को खत्म करने के लिए फिराक में है, उसमें सक्रिय कमांडर और उनकी टीम पर लगातार नजर रखे हुए है। कंपनी नंबर 05 के खत्म होने पर कांकेर जिले में नक्सली गतिविधियों पर काफी राहत मिलने की संभावना है। नक्सलियों की यह कंपनी, कोयलीबेड़ा और अंतागढ़ में ज्यादा सक्रिय रहती थी। पुलिस इस कंपनी में सक्रिय नक्सलियों पर नजर बनाए हुए है ओर उनको टारगेट करने में लगी हुई है। कंपनी नंबर 05 को टारगेट करने के लिए कई बार फोर्स जंगल में घुसी। परंतु कंपनी नंबर 05 के कमांडर एवं अन्य भूमिगत हो चुके है।

### स्थानीय नक्सली समर्पण के फिराक में

चर्चा है कि स्थानीय नक्सली कंपनी नंबर 05 एवं कोयलीबेड़ा इलाके के एरिया कमेटी के पदाधिकारी समर्पण के फिराक में है, परंतु उनको मौका नहीं मिल पा रहा है। मार्च 2026 का अल्टीमेट दिए जाने और लगातार मुठभेड़ में स्थानीय नक्सलियों के मारे जाने के कारण स्थानीय नक्सलियों में दहशत बनी हुई है।

### टेक्निकल टीम रखे हुए है नजर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला का कहना है कि फोर्स लगातार अंदरूनी इलाकों पर गश्त कर रही है, परंतु नक्सली नजर नहीं आ रहे है। नक्सली अभी बैकफुट में है। हमारी टेक्निकल टीम सक्रिय नक्सलियों पर नजर रखे हुए है, मौका मिलने पर उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होना तय है। हमारी स्थानीय नक्सलियों से यहीं अपील है कि सरकार की नई पुनर्वास नीति का लाभ लेकर अपने परिवार के साथ आकर नए जीवन को जिए, उसी में उनका फायदा है।

## बड़गांव, सम्बलपुर व बेलोण्डी क्लस्टर में आज होगा सुशासन समाधान शिविर




**कांकेर।** सुशासन तिहार के तीसरे दिन 7 मई को जिले के तीन क्लस्टर बड़गांव, सम्बलपुर और बेलोण्डी पर सुशासन समाधान शिविर का आयोजन होगा। जिसमें आमजनता की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार सुशासन तिहार के तीसरे चरण की शुरूआत 5 मई से हुई है, जिसका समापन 31 मई को होगा। निर्धारित क्लस्टर तथा तिथि अनुसार जनपद पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आगामी 7 मई को जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के क्लस्टर बड़गांव अंतर्गत ग्राम छिंदपाल, बड़गांव, प्रेमनगर, मण्डागांव, बड़ेझारकट्टा, मेण्ड्रा, परतापुर, मदले, नागगिदा और मुदावंडी शामिल हैं। इसी तरह जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के क्लस्टर संबलपुर अंतर्गत ग्राम कराठी, बोगर, बांसला, चवेला, करमोती, विनायकपुर, चौगेल, मुल्ला, नारायणपुर, कच्चे, टेढ़ईकोंदल, कन्हारगांव, भैंसाकन्हार 'क' और साल्हे सम्मिलित होंगे। अंतागढ़ तहसील के क्लस्टर बेलोण्डी अंतर्गत आमाबेड़ा, बड़ेतेवड़ा, मातला अ, फुपगांव, टिमनार, तुमसनार, नागरबेड़ा, बेलोण्डी, उसेली, गुमझीर, बड़ेपिंजोड़ी, बोडागांव, चंगोड़ी, कातकुड़ तथा कोलियारी में समाधान शेष पेज 12 पर

## मौत का भय दिखाकर 28 लाख की हुई धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- धनेलीकन्हार में कार्यरत एएनएम को धमकाया

धनेलीकन्हार में पदस्थ महिला एएनएम टीवी में डीडी फ्री डिश के एक कार्यक्रम में समस्या के निदान के लिए जारी मोबाइल नंबर पर परिवारिक समस्या के निदान के लिए संपर्क करने पर पारिवारिक पूरी जानकारी लेने के उपरांत एएनएम से दो आरोपियों ने 28 लाख 52 हजार की धोखाधड़ी किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना पहुँची राजापारा निवासी एवं धनेलीकन्हार में पदस्थ एएनएम मीरा साहू ने पुलिस को बताया कि डीडी फ्री डिश के चैनल नं. 38 में मनोरंजन प्राइम में 26 नवंबर 2024 को प्रसारित जय माँ कामाख्या संस्थान के मोबाल नंबर पर मेरे द्वारा फोन से बात कर अपनी पारिवारिक समस्या से अवगत कराया था। उनके द्वारा बताया गया कि पारिवारिक समस्या के निराकरण के लिए 3100 रुपए का हवन करना पड़ेगा। कहकर मेरी पूरी पारिवारिक समस्या को जानकर मुझे बार-बार डरा-धमकाकर पारिवारिक समस्या के निराकरण नहीं होने की स्थिति में परिवार के किसी भी सदस्य की अकारण मृत्यु का भय दिखाकर मुझे बार-बार पैसो की मांग की गई।

### इस तरह ली गई राशि




भयभीत एवं प्रताड़ित होकर उनके द्वारा आईसीआईसी बैंक दिल्ली के खाता धारक धीरज रावत (रावत क्रियेशन) के खाता नंबर पर चेक के माध्यम से 4 दिसंबर 2024 को 3 लाख, 16 दिसंबर 2024 को 5 लाख, 20 दिसंबर 2024 को 5 लाख, 24 दिसंबर 2024 को 5 लाख, 6 जनवरी 2025 को 1 लाख एक हजार जमा किया गया। इसके अलावा फोन पे के माध्यम से धीरज कुमार को 5 दिसंबर 2024 को 75 हजार 1 रुपए, 6 दिसंबर 2024 को 75 हजार रुपए, 7 दिसंबर 2024 को 75 हजार रुपए, 8 दिसंबर 2024 को 26 हजार रुपए, 26 फरवरी 2025 को 75 हजार 1 रुपए एवं नितेश झा को 27 फरवरी 2025 को 75 हजार रुपए, 28 फरवरी 2025 को 50 हजार रुपए भेजा गया। लगातार बार-बार फोन कर पारिवारिक समस्या का निराकरण नहीं कराने से मृत्यु का भय दिखाकर पुनः पैसे की मांग की जा रही है। आरोपियों द्वारा 28 लाख 52 हजार की धोखाधड़ी किया गया है।



## गीतपहार में शासकीय निर्माण कार्यों में खुलेआम हो रहा नियमों का उल्लंघन

- लाल ईंटों का किया जा रहा इस्तेमाल

**चारामा।** गीतपहार में शासकीय निर्माण कार्यों में नियमों को ताक पर रखकर लाल ईंटों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। शासकीय कार्यों में लाल ईंटों का प्रयोग करना पहले ही बंद कर दिया गया है। जनपद पंचायत के सब इंजीनियर की लापरवाही के कारण ऐसी परिस्थितियां बनी है। विकासखंड चारामा के ग्राम पंचायत गीतपहर में स्कूल के मैदान में घेरा निर्माण कार्य किया गया है, जिसमें कुछ जगह सीमेंट ईंटें लगी हैं। लेकिन अधिकांश भाग में लाल ईंटों का ही इस्तेमाल किया गया है। इतना ही नहीं, हाल ही में बन रही आंगनबाड़ी और कई शासकीय शौचालयों में भी लाल ईंटों का प्रयोग हो रहा है। जब लाल ईंटों का उपयोग शासकीय कार्यों में निषेध है, तो फिर इन कार्यों को किस आधार पर मंजूरी और सत्यापन कैसे दिया गया। इससे कहीं न कहीं अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका शेष पेज 12 पर

## मुसुरपुट्टा के कश्यप परिवार ने बैलगाड़ी से निकाली बारात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बासनवाही

- गाँव में रहा कौतूहल का माहौल
- पुरानी संस्कृति की ओर लौट रहे लोग

बढ़ती महगांई के बीच एक बार फिर लोग पुरानी संस्कृति की ओर लौटने लगे हैं। लोग आधुनिकता से किनारा कर पुरानी संस्कृति को अपना रहे हैं। इसका उदाहरण कांकेर जिले के मुसुरपुट्टा गांव में देखने को मिला। विकासखंड नरहरपुर के मुसुरपुट्टा के कश्यप परिवार में हो रही शादी में बस चालक दूल्हा अपनी दुल्हन लेने बैलगाड़ी में सवार होकर निकला। गांव के बाराती भी 5 बैलगाड़ी में सवार होकर बारात जाने निकले, इस नजारे को देखकर आसपास गांव के लोग तारीफ करते हुए नजर आए। शादियों में फिजूलखर्ची के खिलाफ समाज में चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के बाद अब लगातार लोग समाज के नियम को अमल कर रहे हैं। मुसुरपुट्टा निवासी टकेंद्र कश्यप पिता रामकुमार कश्यप पेशे से प्राइवेट बस के बस चालक है, जो 50 बरातियों के साथ अपनी पुरानी परम्पराओं को रखते हुए 5 बैलगाड़ियों में बरात निकाली। आज के इस शेष पेज 12 पर

### दादा के सपने को किया साकार



मुसुरपुट्टा निवासी टकेंद्र का विवाह गांव से 10 किमी. की दूरी ग्राम खजरावन में सावित्री सुरोजिया से तय हुआ है। दूल्हा ने हरिभूमि को बताया कि शादी में दिखावा के लिए फिजूलखर्ची से बचने व पुरानी परम्पराओं से जुड़े रहने रहने के लिए बैलगाड़ी में बारात जाने का मन मे विचार आया। मेरा बचपन से शौक था और मेरे दादा की बैलगाड़ी में बारात जाने की मंशा थी, जिसको वह साकार कर रहा है। मेरा यह मानना है कि ज्यादा बराती ले जाने से वधु पक्ष के लोगो को आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं से गुजरना पड़ता है, इसलिए मात्र 50 बरातियों के साथ जा रहे हैं।

## सुशासन तिहार में मांदरी दल को 30 हजार का चेक मिला

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकोंदल में 6 मई को सुशासन तिहार एवं समाधान शिविर में जय लिंगों आदिवासी मांदरी दल के अध्यक्ष प्रदीप कोमरा, उपाध्यक्ष पंचू मरकाम, सचिव बलदेव राम दर्रो, ललित दुग्गा, अस्सी राम उयका को सांसद निधि से 30 हजार का चेक दिया गया। जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति देवेन्द्र टेकाम एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आनंद तेता ग्राम पंचायत भीरावाही



सरपंच हिरेसिंह दर्रो एवं पूर्व जनपद सदस्य दरबू राम कोसमा ने चेक दल को सौंपा।

## स्वास्थ्य खराब होने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत अचानक स्वास्थ्य खराब होने से 40 वर्षीय श्यामसिंह मरकाम की 5 मई को मौत हो गया। ताड़ोकी थानांतर्गत ग्राम चिगनार निवासी रामचंद मरकाम ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने निजी काम से दल्लीराजहरा गया था। वापिस आते समय अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया, खून की उल्टी हुई और वह बेहास हो गया। इलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर लेकर गए, जहां चिकित्सक ने उसके मौत होने की पुष्टि किया। थाना भानुप्रतापपुर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## संबलपुर रोड किनारे का अतिक्रमण हटाया गया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

- ग्राम पंचायत और राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई
- 12 दुकान व ठेलों को हटा दिया

भानुप्रतापपुर से संबलपुर रोड में सड़क किनारे कब्जा कर दुकान चलाने की शिकायत पर मंगलवार 6 मई को राजस्व विभाग और ग्राम पंचायत कराठी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 दुकान व ठेलों को हटा दिया। जानकारी के अनुसार काफी समय से संबलपुर बाजार स्थल के पास ग्राम पंचायत कराठी क्षेत्र में कुछ व्यापारियों के द्वारा सड़क किनारे पर अतिक्रमण किया जा रहा था। सरकारी जमीन पर कब्जा कर कई दुकानें शुरू कर दिया गया था। अतिक्रमण से परेशान ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत शेष पेज 12 पर

### नोटिस के बाद कार्रवाई

ग्राम पंचायत कराठी की सरपंच चैती रावटे ने बताया कि मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने नोटिस दिया गया था, उसके बाद भी उनके द्वारा नहीं हटाया जाता जा रहा था। उन्होंने कहा आगे भी सड़कों चौक-चौराहों पर अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया जाएगा। उप सरपंच निर्भर सिंह ठाकुर ने कहा लगातार ग्राम पंचायत कराठी द्वारा अतिक्रमण हटाने कहा जा रहा था, यहां पर खासकर सड़क किनारे अतिक्रमण कर होटल, गैरेज, पान ठेले समेत विभिन्न प्रकार की दुकान लगाने वाले दुकानदारों को नोटिस के बाद भी नहीं हटाने पर राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के सहयोग से मंगलवार 6 मई को अतिक्रमण को हटाया गया।

### आंधी व पानी गिरने से गुणवत्ता पर पड़ेगा असर

# खराब मौसम और बारिश ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- सवा दो लाख मानक खरीदी का है लक्ष्य



मौसम लगातार खराब होने और अभी तक हुई बारिश ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की चिंता बढ़ा दी है। खराब मौसम ने इस बार तेंदूपत्ता संग्राहकों की आस पर पानी फेर दिया है। तेंदूपत्ता की गुणवत्ता पर भी प्रभाव पड़ेगा। परंतु इस बार विभाग के द्वारा खरीदी किए जाने से प्रबंधकों की मनमानी चलेगी और अधिकारियों के ध्यान नहीं देने पर सरकार का नुकसान होना तय है।

जानकारी के अनुसार तेंदूपत्ता ग्रामीणों के लिए आय का सबसे बड़ा स्त्रोत है। संग्रहण कार्य से हजारों परिवारों को रोजगार मिलता है, इससे ग्रामीणों की आर्थिक मजबूती होती है। लगभग एक माह तक चलने वाले इस कार्य में बारिश सबसे बड़ा रोड़ा बन गया है। बेमौसम बारिश से एक ओर जहां तेंदूपत्ता की गुणवत्ता खराब हो रही है।

वहीं संग्रहण में भी परेशानी होना तय है। बारिश और बदलते मौसम के कारण कई फड़ों में खरीदी का कार्य चालू भी नही हो पाया है, जिससे तेंदूपत्ता खरीदी प्रभावित होना तय है। तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य मई माह के पहले सप्ताह से शुरू हो जाती थी, परंतु इस बार तोड़ाई आधी अधूरी शुरू हो पाई है। अफसरों की मानें तो तैयारी जारी है परंतु मौसम में परिवर्तन होने व पिछले दिनों ओलावृष्टि से असर पड़ा है। पत्तों को तेज धूप में रखना होता है। फड़ भी गीला है। ऐसे में तेज धूप खिलने पर ही तेंदूपत्ता खरीदी शुरु होगा।

### 2 लाख 23 हजार 300 मानक बोरा का लक्ष्य

कांकेर जिले के तीन वनमंडल में 2 लाख 23 हजार 300 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल में 1 लाख उन्नीस सौ, पश्चिम वनमंडल में 83 हजार 600 और कांकेर वनमंडल में 37 हजार 800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले सप्ताहभर से मौसम में बार बार परिवर्तन व ओलावृष्टि से तेंदूपता की गुणवत्ता पर असर पड़ा है। फड़ भी गीला हो गया है, इधर तेंदूपता तोड़ने वालों को इस साल उनके बैंक खाते में ऑनलाइन राशि अंतरित की जाएगी। इस बार भी तेंदूपता के लिए 5500 रुपए प्रतिमानक बोरा की दर से खरीदी होगी।

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के बाद जनदर्शन में विभिन्न समस्याओं और मांग को लेकर पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में आदर्श कन्या छात्रावास कोण्डागांव की छात्राओं ने अधीक्षिका की मांग एवं अन्य समस्याओं को लेकर कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने मांग एवं समस्याएं ध्यान से सुनी और अधीक्षिका की व्यवस्था सहित सुरक्षा के लिए भी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार आवास, मोबाइल नेटवर्क की समस्या, विभिन्न राजस्व प्रकरणों, आंगनबाड़ी भवन एवं सड़क की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर कई आवेदन प्राप्त हुए।

### अनुशासन और उपस्थिति का परिचायक बनी सावित्री



**कोण्डागांव।** प्राथमिक शाला कतावंड, संकुल निलजी की छात्र कुमारी सावित्री पोयम ने अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण का एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। शैक्षणिक सत्र 2024–25 के दौरान कुल 219 कार्य दिवसों में से एक भी दिन अनुपस्थित न रहते हुए सावित्री ने सभी 219 दिन विद्यालय में उपस्थित रहकर मिसाल कायम की है। इस विशेष उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रधान अध्यापक सायतु राम मरकाम एवं शिक्षक आजेंद्र कुमार नायक ने कुमारी सावित्री को स्कूल बैग भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान उसकी लगन, अनुशासन और शिक्षा के प्रति निष्ठा को पहचान देने के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक श्री मरकाम ने कहा, सावित्री जैसी छात्राएँ विद्यालय की शान होती हैं। उसका अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं, शिक्षक श्री नायक ने भी विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति और अध्ययन के महत्व को समझने की सलाह दी। विद्यालय परिवार ने कुमारी सावित्री की इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### विशाल रक्तदान शिविर 8 मई को

**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में 08 मई को समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जिला अस्पताल कोण्डागांव में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर के आयोजन का उद्देश्य मानवता की सेवा और जीवन रक्षा के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

### देवगांव में समाधान शिविर लगेगा आज

**कोण्डागांव।** सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणजनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में राज्य शासन के जिले में समाधान शिविर का आयोजन 5 मई से 30 मई तक निर्धारित है, जिसमें सभी विकासखण्डों में तिथिवार शिविरों में आमजनों की समस्याओं के आवेदन लेने के साथ निराकरण भी किया जाएगा। जारी कार्यक्रम अनुसार 7 मई को फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम देवगांव के हायर सेकेण्डरी स्कूल में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**सुशासन तिहार:** शासन-प्रशासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम

# बड़ेराजपुर में भी मनाया गया सुशासन तिहार लोगों की समस्याओं का हो रहा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- समाधान शिविर में केशकाल विधायक टेकाम हुए शामिल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर में समाधान शिविर का आयोजन हुआ।

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस शिविर में बड़ेराजपुर, टेंवसा, खजरावंड, कलगांव, आमगांव, छोटेराजपुर, माण्डोकी, खरगांव, नौकाबेड़ा और कोपरा ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन सम्मिलित हुए। शिविर में सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई और विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। उक्त शिविर में कुल 2 हजार 785 आवेदन प्राप्त हुए। आकार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री टेकाम एवं अतिथियों ने सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों के निराकरण पश्चात शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरासिंह नेताम, जनपद अध्यक्ष, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच और स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



### फरसगांव नपं में लगा समाधान शिविर, लोगों की समस्याएं हुईं निराकृत



**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार 2025 में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों का समाधान शिविर के माध्यम से नगर पंचायत फरसगांव द्वारा निराकरण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड 13 के तोंदे पारा में समाधान शिविर का आयोजन केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ। समाधान शिविर में वार्ड 13 से प्राप्त कुल 16 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में प्राप्त राशन कार्ड के आवेदन का निराकरण कर नवीन राशन कार्ड श्रीमति देयवती बघेल एवं श्रीमति रीना यादव को विधायक श्री टेकाम द्वारा प्रदान किया गया।

**ये रहे उपस्थित** – इस समाधान शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद सुकालू राम मरकाम, विनोद पांडे, नरेंद्र गौर, राजकुमारी नेताम, प्रवीर सिंह बदेशा, शिविर के नोडल अधिकारी अश्वन कुमार पुसाम एसडीएम फरसगांव, जयकुमार नाग तहसीलदार फरसगांव, सीएमओ पवन मेरिया एवं स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, महिला बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग तथा नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर का शुभारंभ

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का शुभारंभ केशकाल विकासखंड के ग्राम खाले मुरवेण्ड में हुआ। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम और कलेक्टर श्रीमती नूपूर राशि पन्ना ने शिविर का उद्घाटन किया, जिसमें खाले मुरवेंड सहित चार ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए।

विधायक श्री टेकाम ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और प्राप्त 95 हजार आवेदनों का निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ उठाने की अपील की।

**विभागों ने लगाए स्टॉल** – शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हितग्राहियों को मछली पालन जाल, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेंशन स्वीकृति आदेश, आयुष्मान कार्ड, किसान किताब, पोषण टोकरी और सब्जी व धान बीज जैसी सामग्रियों का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और खाद्य विभाग के सर्वाधिक आवेदन शामिल थे। कलेक्टर ने सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने का आश्वासन दिया।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित जनपद पंचायत अध्यक्ष नंदनी पोटाई सहित जनपद सदस्यगण, विभिन्न गांवों के सरपंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।







# जीआई टैग उदाहरणों के माध्यम से स्थानीय पहचान की कानूनी सुरक्षा को किया रेखांकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में दिनांक 6 मई 2025 को राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा मिशन, नागपुर के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के मार्गदर्शन में हुआ। डॉ. पटेल ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की बढ़ती महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुसंधान एवं नवाचार में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता व अतिथि कुमार राजू सहायक नियंत्रक, पेटेंट एवं डिजाइन, भारत सरकार ने आईपीआर के विभिन्न पहलुओं को सरल भाषा एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, डिज़ाइन अधिकार तथा भौगोलिक संकेतकों की जानकारी दी और बताया कि छात्र अपने नवाचार, प्रोजेक्ट, कला व डिज़ाइन को कानूनी अधिकारों के माध्यम से सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से यह स्पष्ट किया कि विचार मात्र पर पेटेंट नहीं मिल सकता, बल्कि उसे तकनीकी रूप में विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की कोसा सिल्क एवं बस्तर की लकड़ी कला जैसे जीआई टैग उदाहरणों के माध्यम से स्थानीय पहचान की कानूनी सुरक्षा को रेखांकित किया।




- नवाचार और अनुसंधान की कानूनी ढाल है बौद्धिक संपदा : कुमार राजू
- बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर कार्यशाला, आईपीआर पर हुआ संवाद

### *नवाचारों से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए*

*कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों, प्रोजेक्ट्स व नवाचारों से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका समाधान राजू ने विस्तार से किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नसीर अहमद ने किया तथा डॉ. आकाश वासनीकर ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यशाला में 200 से अधिक विद्यार्थियों, शोधार्थियों, प्राध्यापकों व नवाचार के प्रति रुचि रखने वाले युवाओं की भागीदारी रही। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को ई–प्रमाणपत्र प्रदान किए ।*

# देश की समृद्धि के लिए एक देश एक चुनाव आवश्यक: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- नारायणपुर में 'एक देश, एक चुनाव' पर की गई संगोष्ठी

एक देश एक चुनाव संगोष्ठी कार्यक्रम नारायणपुर में संपन्न हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ के वन एवं पर्यावरण, संसदीय कार्य मंत्री नारायणपुर विधान सभा के विधायक केदार कश्यप बस्तर सांसद महेश कश्यप , वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक सुभाऊ कश्यप का आगमन हुआ। मुख्य वक्त के रूप में केदार कश्यप ने एक देश एक चुनाव की जरूरत और प्राथमिकता को लेकर आम जन मानस के बीच अपनी बात रखी और कहा एक देश एक चुनाव देश की समृद्धि, सम्पन्नता, के लिए अतिआवश्यक है आज कई राज्यों में विभिन्न समय में अलग अलग चुनाव होते है जिसमें राज्य में वृद्धि होने पश्चात चुनाव में काफी समय लग जाता है आचार सहिता लागू होने पर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ और सुविधा नहीं मिल पाती अत्यधिक रूप से सरकारी तंत्र का उपयोग किया जाता है जिससे देश में प्रशासनिक कार्यवाही कही ना कही प्रभावित होती है काफी बड़े पैमाने पर सरकारी धन का उपयोग चुनाव में होता है इस धन का उपयोग विभिन्न जनहित सुविधाओं ने किया जा सकता है।




### एक देश एक चुनाव की जरुरत को समझेगी जनता: कश्यप

कई जगहों पर अपराधिक घटनाएं चुनावों के दौरान होती है जिसके चलते बड़ी मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था सुरक्षा बलों द्वारा मुहैया करवाई जाती है, जिससे देश की सीमाओं और सुरक्षा पर असर पड़ता है। देश की समृद्धि और विकास के लिए एक देश एक चुनाव की जरूरत है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ओर पहल की है जिसने सभी भारत के नागरिकों, सामाजिक संस्थानों, बुद्धिजीवों, और विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से साथ देने की अपील की है। केदार कश्यप ने कहा मुझे पूरी उम्मीद है की जनता इस बात को भली भांति समझेगी और भारतीय जनता पार्टी के इस अभियान एक देश एक चुनाव पर अपना आशीर्वाद प्रदान करेगी।

# कलेक्टर ने सुशासन तिहार के लंबित आवेदनों पर त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- शासकीय योजनाओं व निर्माण कार्यों के प्रगति पर की गई विस्तृत समीक्षा बैठक

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा बैठक आयोजित कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार गहन समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों पर अधिकारियों को पूरी सजगता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर ने जिले में 08 नए विद्युत उपकेन्द्रों की स्थापना के लिए जमीन आबंटन में हो रही देरी को लेकर विद्युत विभाग को वन विभाग के साथ आवश्यक समन्वय कर कार्य में प्रगति लाने को कहा। कलेक्टर ने श्रम विभाग के अधिकारी के ई रिक्शा के व्यापक प्रचार प्रसार कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने को कहा, साथ ही क्रेडा विभाग को सौर सुजला योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राज्य शासन द्वारा शुरू किए गए पंजीयन रजिस्ट्री विभाग की 10 नवीन सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी तहसीलदारों को इसके व्यापक प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए।





### 15 मई से पहले सर्वे पूरा करने के निर्देश

उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे आवास सर्वे के कार्य को निर्धारित अंतिम तिथि 15 मई से पहले पूरा करने को कहा। बैठक में धान उठाव की स्थिति, बायपास मार्ग निर्माण की प्रगति, शिक्षा विभाग में जाति प्रमाण पत्र, अपार आईडी, छात्रवृत्ति सहित अन्य विभागों के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से 08 मई को रक्तदान शिविर के आयोजन की तैयारी की जानकारी ली और जिले के अधिकारियों से अधिक से अधिक रक्तदान की अपील की। साथ ही सभी अधिकारियों को रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता लेने को भी कहा।

**ये रहे मौजूद** – इस अवसर पर डीएफओ दिव्या गौतम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोहलई में स्वयंसेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव ब्लॉक फरसगांव में गर्मी की छुट्टियों में पढ़ाई को सतत बनाए रखने के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा विषय गांव में समर कैम्प लगाया जा रहा रहा है। फरसगांव ब्लॉक में समर कैंप के तहत मोहलई, भण्डारसिवनी, चरकई, चांदा गांव के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मुख्य रूप बच्चों खेल-खेल में सीखाने की रोचक शिक्षण प्रकिया स्वयंसेवकों को बताई गई।

कैम्प में खेल खेल में गतिविधि कहानी, कविता, ध्वनि चिन्ह, शब्दकोश, चित्रकला एवं बारे में खेल खेल के माध्यम बच्चों को शिक्षण कार्य के बारे में मेंटर डिगेश्वर सोनवंशी द्वारा स्वयंसेवकों प्रशिक्षण दिया गया है। यह पहल शैक्षणिक नीव को मजबूत करने एवं युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक योगदान देने का अवसर प्रदान कर रही हैं। गांव के युवाओं शिक्षा क्षेत्र में समुदाय के द्वारा सराहनीय कदम है ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यह समर कैंप उत्साह पूर्वक बच्चे भाग ले पाएंगे। इस कैंप में बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से न केवल मनोरंजन का मौका मिलेगा, बल्कि उनके व्यक्तिगत और कौशल विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। बच्चों अपनी रुचियां के अनुसार समूह में बैठकर इन गतिविधियों को सक्रिय रूप में काम कर पाएंगे और बच्चे अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करेंगे, इस समर कैंप प्रशिक्षण में रामेश्वर, चन्दरवती, रविता, एस कुमार, चांदनी, एवं साथी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### माओवादियों की मांद...

चलेगा कि नक्सली गतिविधि किस तरह की रहेगी। सरकारी खरीदी होने के कारण नक्सलियों के मददगार जो इस समय पहुँचते थे, उनको इन इलाकों में घुसने नहीं दिया जा रहा है। पुलिस ऐसे संदिग्ध लोगों पर निगाह बनाए हुए है।

### बड़गांव, सम्बलपुर व...

शिविर लगाया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को समाधान शिविरों में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई से ग्रामीणों को अवगत कराने और विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी जनपद पंचायत अंतागढ़ के क्लस्टर बेलोण्डी में उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही जिलेवासियों से अपील की है कि उक्त समाधान शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य लें।

### गीतपहार में शासकीय...

भी गहराती है। ग्राम पंचायत में और भी कई निर्माण कार्य ऐसे हैं, जो बिना किसी दिशा-निर्देशों के ही किए गए हैं। यह मामला स्पष्ट रूप से लापरवाही और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है, जिसकी जांच जरूरी है। जनपद पंचायत के सब इंजीनियर लगातार निरीक्षण करते है, ऐसे में नियमों को ताक में रखने के लिए सब इंजीनियर ने ही संरक्षण दिया होगा।

**पुराने सरपंच के कार्यकाल का कामः** इस मामले में वर्तमान सरपंच से बात किया गया तो उन्होने कहा कि यह पुराने सरपंच के कार्यकाल का मामला है, इस पर कुछ नहीं कह सकता हूँ। पुराने सरपंच ही इस पर अपनी बात रख सकते हैं। जनपद पंचायत के सीईओ से इस मामले पर चर्चा किया गया, परंतु उन्होंने कहा कि मुझे इसके बारे में किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं है। यह मामला अब संज्ञान में आ रहा है, इस पर क्या कार्रवाई करेंगे, इस पर उन्होने मौन साध लिया।

### मुसुरपुट्टा के कश्यप...

आधुनिक युग मे पुरानी परम्पराओं में बैलगाड़ियों में बराती को लोग देखते रहे और क्षेत्र में कौतूहल का विषय बना रहे।

### सुशासन तिहार...

करने के पश्चात राशन कार्ड प्राप्त होते ही ललिता के चेहरे पर संतोष और प्रसन्नता साफ झलक रहा था। उन्होंने समाधान मिलते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए शासन की त्वरित कार्यप्रणाली की सराहना की और कहा कि राशन कार्ड में नाम जुड़ने से हमें अब पीडीएस दुकान से अधिक खाद्यान्न मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के अंतर्गत नगरपालिका परिषद सुकमा को राशन कार्ड से संबंधित 35 और पेंशन से संबंधित 13 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें सभी आवेदन पत्रों का निराकरण कर दिया गया है।

### संबलपुर रोड...

से शिकायत कर कार्रवाई की मांग किया जा रहा था। कई बार शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से लोगों में आक्रोश बना हुआ था। लगातार शिकायत के बाद आखिरकार राजस्व प्रशासन के द्वारा कार्रवाई करते हुए 12 दुकानों को जेसीबी मशीन लगाकर हटा दिया गया है। राजस्व अमले ने बताया कि जनपद पंचायत में पदस्थ शासकीय कर्मचारी गिरवर यदु और तहसील कार्यालय में पदस्थ इंद्रा यदु के अलावा अतिक्रमणकारी अजित, राधेश्यम, शुभम, नारायण, महेश, भुनेश्वर, संगीता, विश्राम, कवि रजक, निया जुदीन शामिल हैं।

खबर संक्षेप

## जल जीवन मिशन के कार्य गाईड लाइन अनुसार हो रहे : नेताम

**बीजापुर।** कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सदस्य, सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एसआर नेताम ने बताया कि जिला में जल जीवन मिशन का कार्य प्रगति पर है तथा विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के योजनाओं में स्वीकृत कार्य पूर्ण किया जा कर गाईड लाईन के अनुसार न्यूनतम 3 माह तक योजना से सफल संधारण संचालन उपरान्त विभाग एवं ग्राम पंचायत द्वारा जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों का निरीक्षण करने के उपरान्त योजना के कार्य से संतुष्ट होने पर ग्रामसभा आयोजन कर उपस्थित सभी ग्रामीणों को दिये गये घरेलू नल कनेक्शन में प्रतिदिन पेयजल उपलब्धता ग्रामीणों द्वारा प्रमाणीकरण होने के पश्चात ही ग्राम पंचायत द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण किया जाता है। तत्पश्चात ग्राम पंचायत द्वारा पूर्णतः संतुष्टि प्रदान होने पर योजना हस्तांतरण किया जाता है।

### मांग और शिकायत के निराकरण के लिए शामिल हुए लोग

# समाधान शिविर में दिखा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान शाासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी

- कलेक्टर ने शिविरों का अवलोकन कर आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश





लाने और जनता जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार पूरे प्रदेश में आज से सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर प्रारंभ हुआ।

इसी कड़ी में बीजापुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नैमेड़ में आयोजित शिविर में सम्मिलित गांव नैमेड़, एरमनार, पेद्दाकोड़ेपाल, कैका, कडेर, दुगोली, मुसालूर, तुमनार एवं भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुटरू में कुटरू, अडावली, अम्बेली, मंगापेठा, दरभा, पेठा, उसकापटनम, करकेली, दर्रागुवाली के हजारों की संख्या में ग्रामीण अपनी मांग, समस्या एवं शिकायतों के निराकरण के लिए उत्साहित होकर पहुंचे।

शहरी क्षेत्र में नगरपालिका बीजापुर अन्तर्गत प्राथमिक शाला भवन परिसर जेलबाड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शहीद बुधराम राना वार्ड, पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड एवं बीजा हल्बा नगर वार्ड के आम नागरिक शामिल होकर शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हुऐ।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी शिविरों में पहुंचकर शिविर का अवलोकन किया। ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या एवं मांगो से अवगत होकर आवेदनों का निराकरण त्वरित करने के निर्देश दिए सभी आवेदकों को उनके आवेदन के निराकरण की जानकारी शिविर के माध्यम से कराने को कहा, जन्म प्रमाण पत्र, आधार पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड सहित समस्त विभागों के विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने को कहा। कलेक्टर ने कुटरू शिविर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों द्वारा सहायक शिक्षण सामग्री के प्रदर्शन की सराहना करते हुए स्कूली बच्चों से आवश्यक चर्चा किए एवं उनका उत्साहवर्धन भी किया।

शासकीय योजनाओं की जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा स्थानीय बोली के माध्यम से दी गई- कुटरू एवं नैमेड़ शिविर में अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराने एवं योजनाओं से जुड़ने के लिए स्थानीय गोण्डी बोली के माध्यम से कृषि, उद्यानिकी, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सौर सुजला, उज्वला, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा, जन्म प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, श्रमिक पंजीयन, राजस्व विभाग अर्न्तगत फौती नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, किसान किताब, राशन कार्ड, महतारी वंदन योजना सहित सभी प्रकार के योजनाओं की जानकारी एवं पात्रता के मापदंड बताया गया और पात्र हितग्राही को मौके पर आवेदन उपलब्ध कराया गया।

## समाधान शिविर में हुआ गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत नैमेड में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम भी संपन्न हुए। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रूप से गोद भराई तथा छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार बीजापुर के जेलबाड़ा स्कूल के शिविर नगर पालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

शिविर में कलेक्टर संबित मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने जनसमुदाय को योजनाओं के प्रति जागरूक किया और उपस्थित नागरिकों से संवाद कर समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने भी लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए। साथ ही, बाल विवाह की रोकथाम और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लोगों को जागरूक करते हुए सभी को शपथ भी दिलाई गई।

## पंचायत मजबूत तो पूरे क्षेत्र का होगा समुचित विकास : लखेश्वर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विधायक लखेश्वर बघेल के निवास पर बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पंचायत स्तर पर संचालित होने वाले विभिन्न कार्यों, योजनाओं और

- विधायक निवास पर हुई सरपंचों की कार्यशाला

प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान करना था, जिससे सरपंचगण अपने-अपने ग्राम पंचायतों में योजनाओं का सुचारु रूप से क्रियान्वयन कर सकें।

कार्यक्रम स्थल पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के छायाचित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया गया इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने किया। कार्यशाला में ग्रामीण विकास, मनरेगा, जल-जीवन मिशन,पंचायती राज व्यवस्था सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रवक्ताओं द्वारा तकनीकी विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया और उपस्थित सरपंचों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा पंचायत व्यवस्था हमारे लोकतंत्र की नींव है यदि ग्राम पंचायतें मजबूत होंगी, तो पूरे क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित हो सकेगा हमारा प्रयास है कि पंचायत प्रतिनिधियों को सही मार्गदर्शन और तकनीकी जानकारी मिलती रहेंगी। कार्यशाला के अंत में सरपंचों को पंचायत राज पुस्तक भी वितरित किए गए सभी सरपंचों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने में मदद करती हैं। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, बस्तर ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बघेल, बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम बिसाई, एवं समस्त सरपंचगण, जनपद सदस्यगण, उपसरपंचगण, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों को लूट रही : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिला मुख्यालय में मंगलवार को विधायक विक्रम मंडावी ने एक प्रेस वार्ता में राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह

- सरकार के संरक्षण में भाजपा नेता कर रहे हैं कोरंडम खदान का काम



सरकार बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों की खुलेआम लूट मचा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, बस्तर के लोहा, टिन, जल, जंगल, जमीन और अब कोरंडम जैसे बेशकीमती संसाधनों को अपने उद्योगपति मित्रों के हवाले करने का घिनौना खेल शुरू हो गया है।

विक्रम मंडावी ने बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम कुचनूर में स्थित कोरंडम खदान को लेकर सनसनीखेज खुलासा किया। उन्होंने कहा कि यह खदान वर्षों से बंद थी, लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता संभालते ही इसे अपने चहेते उद्योगपतियों को सौंपने की साजिश रच डाली। हाल के दिनों में कुचनूर कोरंडम खदान में गुपचुप तरीके से जंगल की साफ-सफाई शुरू कर दी गई है, जो इस लूट का स्पष्ट प्रमाण है। प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, पीसीसी सदस्य आर.वेणुगोपाल राव, पीसीसी सदस्य व प्रवक्ता ज्योति कुमार, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, जनपद सदस्य मनोज अवलम, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेंद्र हेमला,जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम,जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, जनपद सदस्य बसंत हपका, सदाशिव राना और दिलीप कोरसा समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

विक्रम मंडावी ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि भोपालपटनम के कुचनूर कोरंडम खदान में भाजपा सरकार के इशारे पर बीजापुर के भाजपा नेता संजय लुंकड़ द्वारा बेशकीमती वनों का विनाश किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि भाजपा तत्काल संजय लुंकड़ की भूमिका को स्पष्ट करे, वरना जनता इसे उनकी मिलीभगत मानेगी। विधायक विक्रम मंडावी ने स्पष्ट रूप से आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार कायदे कानून को ताक पर रख कर भाजपा सरकार के संरक्षण में भाजपा नेताओं से कोरंडम खदान में अवैध उत्खनन का काम करवा रही है।

### भाजपा की लूट की नीति

उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति हमेशा से जनविरोधी और उद्योगपति हितैषी रही है। बस्तर की प्राकृतिक संपदा को लूटने की इस साजिश को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। विक्रम मंडावी ने चेतावनी दी कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस जनता के बीच जाएगी और भाजपा की इस लूट के खिलाफ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

## समाधान शिविर में कलेक्टर-सीईओ ने ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुशासन तिहार के तीसरे चरण का पहला समाधान शिविर सोमवार को सुकमा विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र के कलस्टर ग्राम पंचायत डोडपाल में आयोजित किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, जनपद अध्यक्ष सुकमा संतोष इड़ो सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कलस्टर पंचायत में शामिल 5 पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। समाधान

- ग्रामीणों को दी गई निराकरण की जानकारी



शिविर में सभी विभागों के जिला, अनुविभाग एवं खण्डस्तरीय अधिकारी अपने विभागीय स्टाल के साथ उपस्थित रहे। समाधान शिविर में ग्रामीणों को कलेक्टर और सीईओ के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिला। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और माँग के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर के निर्देशानुसार समाधान शिविर में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा तत्काल उनकी समस्या का निराकरण किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनके मांग सड़क निर्माण और पेयजल आपूर्ति पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदनों एवं खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी विस्तार से दी। इस समाधान शिविर में डोडपाल, चिंगावरम, मारोकी, कोर्रा एवं मानकापाल पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदन निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा मांग से संबंधित आवेदनों में मुख्य रूप से पीएम आवास, पेयजल की समस्या, वन अधिकार पत्र, फौती, बटवारा, नामांतरण, अहाता निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र, महतारी वंदन योजना का लाभ, मुर्गी पालन, बकरी पालन, सीसी रोड, मिट्टी-मुरूम रोड, नाली, पुलिया आदि मांग शामिल है।

## आधार कार्ड बनाने मोबाइल से दी जा रही जानकारी

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता जैन के कुशल निर्देशन में सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

प्रशासन द्वारा आधार कार्ड संबंधित आवेदनों को शत प्रतिशत निराकरण करने के उद्देश्य से नागरिकों को एसएमएस के जरिए आवेदन की स्थिति व आवश्यक कार्यवाही की सूचना भी प्रदान की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों द्वारा आधार कार्ड निर्माण, दस्तावेज सुधार, पेंशन, राशन कार्ड इत्यादि जैसे विविध विषयों पर प्रस्तुत आवेदनों का समाधान किया जा रहा है।

## डोडपाल में जनमन पत्रिका वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव निर्देशन और जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। सुकमा

- जनसंपर्क विभाग ने दी शासकीय योजनाओं की जानकारी



विकासखंड के ग्राम पंचायत डोडपाल में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में जनसंपर्क विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का वितरण किया गया। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें राज्य शासन की जनकल्याणकारी और विकास के क्षेत्र में लिए गए महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में अद्यतन जानकारी मिलती है। उल्लेखनीय है कि जनमन पत्रिका में महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर महतारी सदनों का निर्माण और महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आहार-पोषण के लिए 70 लाख महिलाओं को मिलने वाली प्रति माह 1 हजार रूपए की जानकारी दी गई है।

# बच्चों की छिपी प्रतिभा को उभारना है : भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

कलेक्टर बस्तर हरिश एस के निर्देश के परिपालन में ब्लाक स्तरीय मेगा समर कैम्प का शुभारंभ विकास खण्ड बस्तर अन्तर्गत

- ब्लाक स्तरीय मेगा समर कैम्प का शुभारंभ



माध्यमिक शाला कुड़कानार में किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर भारती देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में संकुल के प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल के 140 बच्चों ने समर कैम्प में अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया । बच्चों के साथ उनके पालक एवं शिक्षक भी उपस्थित रहे।

शाला के प्रधान अध्यापक धीरेंद्र यादव ने बताया कि 5 मई से 20 मई चलने वाले इस मेगा समर कैम्प मे शिक्षा विभाग के विशेषज्ञ शिक्षकों की मदद से गायन, वादन, नृत्य, रंगोली, मेहंदी तथा शतरंज, सामान्य ज्ञान,भाषायी कौशल,गणितीय गतिविधियां, नैतिक जागरूकता, विज्ञान के प्रयोग और कैरम खेल एवं अन्य गतिविधियों में विद्यार्थियों को पारंगत किया जाएगा। मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने सम्बोधन में भारती देवांगन ने कहा कि इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उभारना एवं उन्हें सही दिशा देना है। उन्होने इस आयोजन में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। खंड स्त्रोत समन्वयक अजम्बर कोर्राम ने समर कैम्प के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समस्त विधाएं जिन पर गतिविधियों होनी है उसके बारे में बताया। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी ने बच्चो का उत्साह बढाते उन्हे प्रतिदिन आने हेतु प्रेरित किया। स्कूली छात्र ठाकुर द्वारा देश भक्ति गीत तथा कक्षा 7 के छात्राओ द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सामो कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत कुड़कानार, उप सरपंच हेमनाथ पटेल, धनसाय बघेल, भुवनेश्वर ठाकुर ,खीरेन्द सेन शिक्षक शिक्षिकाओ में दीपामांझी, हेमलता नेताम, सुकरी मौर्य, फूल सिंह यादव, नीरज कुमार कुन्जाम, निलेश साहू, बहोरनलाल सूर्यवंशी, मनोज झा, दीपिका साहू,संतोषी बघेल सहित सभी विधाओं के विशेषज्ञ उपस्थित रहें। प्रथम दिवस के मेगा समर कैम्प को सफल बनाने में संकुल समन्वयक कुड़कानार आयतु राम पाढे का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा है।

## निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जनपद पंचायत कटेकल्याण के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण अभियान में स्वास्थ्य केंद्र, स्टेडियम, जिम,

- स्वास्थ्य, शिक्षा, और खेल संस्थानों का लिया जायजा
- सार्वजनिक बाजार स्थलों को व्यवस्थित करने के दिए निर्देश



पुस्तकालय, कॉलेज भवन, बाजार तथा सोलर स्ट्रीट लाइट्स जैसी आधारभूत सुविधाएं शामिल रहीं। निरीक्षण की शुरुआत कटेकल्याण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हुई, जहां कलेक्टर ने मरीजों से संवाद किया और अस्पताल में पाई गई अव्यवस्थाओं को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही उपस्थित नहीं रहने वाले कर्मचारियों को भी तलब कर कार्य के प्रति सजग रहने की हिदायत दी गई।

इसके उपरांत उनके द्वारा परचेली स्टेडियम में नवनिर्मित जिम व पुस्तकालय का जायजा लिया गया। यहां उन्होंने जिम में नियमित संचालन हेतु पंचायत द्वारा प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति के निर्देश दिए गए। साथ ही उनके द्वारा पुस्तकालय भवन को हालिया तेज तूफान से हुई क्षति की मरम्मत शीघ्र कराने को कहा गया।

इसके साथ ही उन्होंने तुमकपाल में निर्माणाधीन सीएचसी और कॉलेज भवन का निरीक्षण करते हुए जून तक कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा तय की गई। इसके उपरांत कलेक्टर ने कटेकल्याण बाजार का भी दौरा कर मॉडल बाजार के रूप में विकास हेतु सफाई और सुव्यवस्था पर जोर दिया। साथ ही विद्युत विभाग व क्रेडा द्वारा लगाए जा रहे सौर स्ट्रीट लाइट्स की प्रगति की समीक्षा की और समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ आशीष डे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण के लिए 8 को आयोजित होगी काउंसलिंग

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और स्व-रोजगार की जोड़ने लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर में 30 सीटों में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स में प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने अनुसार प्रशिक्षण के लिए 8 मई को लाइवलीहुड कॉलेज में प्रातः साढ़े 10 बजे से शाम 04 बजे तक कांउसिलिंग का आयोजन किया गया है। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है, जो इस प्रशिक्षण से जुड़कर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं, वे शामिल हो सकते है।

### रतेंगा में मड़ई मेला लगाया जाएगा 10 को होगा

**जगदलपुर।** माता हिंगलाजीन जन सेवा समिति बेडागांव माता हिंगलाजीन देवी मंदिर ग्राम रतेंगा पुराना गुड़ी विकासखंड बस्तर में 10 मई को माईजी का मण्डई मेला कार्यक्रम तथा 11 मई को जात्रा विधान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी गदाधर प्रसाद वैद्य (अध्यक्ष एवं पुजारी) माता हिंगलाजीन जन सेवा समिति बेडागांव ने दी है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर कल

**जगदलपुर।** 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सभी ब्लॉक मुख्यालय तथा पंचायत स्तर पर रैली रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों की इसमें सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान रक्तदान के लिए श्रेष्ठ स्व-सेवक को सम्मानित भी किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, रेडक्रास के अलेक्जेंडर एम चेरियन, ऋषि भटनागर से संपर्क किया जा सकता है।

### समाधान शिविर में बना श्रम कार्ड

**सुकमा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत श्रम विभाग को छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम रोकेल निवासी श्रीमती लक्ष्मी ने अपनी पुत्री को श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सुरक्षा योजना के अंतर्गत लंबित राशि प्राप्त नहीं होने पर शिकायत की थी। श्रम विभाग द्वारा लक्ष्मी से प्राप्त शिकायत सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 20 हजार रूपए की राशि आरटीजीएस के माध्यम से उनकी पुत्री कु. ममता को प्रदान करते हुए लाभान्वित किया गया। लक्ष्मी ने सुशासन तिहार के अंतर्गत लाभान्वित होने पर शासन-प्रशासन और श्रम विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह सुशासन तिहार में छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम चिड़पाल निवासी भागेश्वरी और दसी ने श्रम विभाग को श्रम कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया। प्राप्त आवेदन पर श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में नवीन पंजीयन निर्माणी श्रमिक के रूप पंजीकृत कर कार्ड प्रदाय किया गया।

# सुशासन तिहार : संवेदनशील क्षेत्र के ग्रामीणों की सुनी गई परेशानी, अफसरों ने समस्याओं का किया निदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- जिला स्तरीय समाधान शिविर ताड़ोकी में लगा, उमड़ी ग्रामीणों की भीड़
- मौके पर वितरित किए गए आधार, राशन, श्रम कार्ड सहायक उपकरण



सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण के दूसरे दिन जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन अंतागढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल के संवेदनशील क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत ताड़ोकी में किया गया, जहां काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति जानी। इसके साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत उन्हें राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आधार पंजीयन तथा सहायक उपकरण वितरित किए गए।

ताड़ोकी के विशाल मैदान में आयोजित समाधान शिविर में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकारें गांव, गरीब, किसान की प्रगति और खुशहाली के लिए सतत कार्य कर रही हैं और आने वाले समय में अंतागढ़, ताड़ोकी क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों को गति मिलेगी। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने ग्रामीणों को बताया कि ताड़ोकी से नारायणपुर मार्ग पर बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसी तरह क्षेत्र के सभी पोटा केबिन को स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए सभी मांगों और समस्याओं का गंभीरता से निराकरण करने की बात कही। इसके अलाव अतिथियों ने 09 लोगों का आधार पंजीयन और अपडेट किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से 03 दिव्यांगों को सहायक उपकरण, खाद्य विभाग की ओर से 121 आवेदकों का राशन कार्ड, श्रम विभाग के द्वारा 02 श्रमिकों का पंजीयन का कार्ड और 05 ग्रामीणों को मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर वितरित किया गया। एक ग्रामीण का पीएम सम्मान निधि के लिए पंजीयन किया गया।

इस अवसर पर डीएफओ भानुप्रतापपुर डीपी साहू, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, जिला पंचायत सदस्य गुप्तेश उसेंडी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, अंतागढ़ एसडीएम राहुल रजक सहित जिला और विकासखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण, विभिन्न योजनाओं का मिला लाभ

**दुर्गूकोंदल।** आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, शासन कि जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले सहित विकासखंड में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 6 मई को दुर्गूकोंदल विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हाटकोंदल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, सरपंच सरोज मंडावी कि उपस्थिति में समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ने ग्रामीणों से कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। योजनाएं तो अनेक हैं, किन्तु उनका वास्तविक लाभ लेने के लिए आम जनता का जागरूक होना बेहद जरूरी है। लोगों को दूर न जाकर पास के गांव स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किया जा रहे हैं, जो की सरकार की अच्छी सोच है, जिसे जनता की आर्थिक एवं समय की बचत होती है। आम जनता की समस्याओं का निदान उनके गांव, घरों में जाकर किया जाए। पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए समाधान शिविरों का आयोजन आज से किया जा रहा है। इस अवसर पर जीडी वाहिले एसडीम भानुप्रतापपुर एवं जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के जनपद पंचायत सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने कहा कि छूटे हुए पात्र लोगों को आवास का लाभ दिलानें के लिए आवास प्लस के तहत सर्वे कराने की बात कही। साथ ही जिन्हें आवास स्वीकृत हो चुका है, उन लोगों को जल्द से जल्द आवास निर्माण कराने का अनुरोध किया। सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता का हुए, जहां ग्रामीणों के आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी गई।



### पुराने का निराकरण, नए 53 आवेदन मिले

जनपद पंचायत के अंतर्गत 478 आवेदनों का निराकरण किया गया। वहीं नए आवेदन के रूप में 53 आवेदन पुनः प्राप्त हुए हैं, जिसका समाधान जल्दी किया जाएगा। इसके अलावा जनपद पंचायत के द्वारा समाधान शिविर में राशन कार्ड एवं अन्य पात्र लोगों को शिविर में वितरण किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से राशन कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास के रूप में आवेदन ज्यादा मात्रा में पहुंच रहे हैं। इसी तरह से सभी विभागों में अपने अलग-अलग ढग से समाधान शिविर में समाधान करने का अधिकारी कर्मचारी युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं।

## दुधावा के सुशासन समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुधावा

सुशासन समाधान शिविर का आयोजन 6 मई को दुधावा में किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया गया। ग्रामीणों की समस्याओं के निदान होने पर ग्रामीणों के चेहरे खिले हुए नजर आएं। छत्तीसगढ़ शासन की लोक कल्याणकारी पहल संवाद से समाधान तक कांकेर जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान कर लोगों के सपने साकार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के मनसा अनुरूप शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और शासन की योजनाओं का सीधा लाभ आम जन तक पहुंचना है। इस पहल के माध्यम से शासन और जनता के बीच संवाद स्थापित कर जनहित कारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सोमन सिंह गावड़े, जनपद उपाध्यक्ष,संजू गोपाल साहू, जनपद सदस्य पवन नेताम, वीणा बंटी राय एवं ग्राम पंचायत सरपंच उपसरपंच एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में ग्राम दुधावा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 21 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें हितग्राहियों को जॉब कार्ड राशन कार्ड वितरित किया गया। दुधावा के हितग्राही इन्द्रभान साहू, गीता रजक, शिशुपाल रजक को जाब कार्ड वितरित किया गया। समाधान शिविर में राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग ,खाद्य विभाग विद्युत ,विभाग वन विभाग, महिला बाल विकास विभाग ,जल संसाधन विभाग, रेशम विभाग, बिजली विभाग आदि विभाग के अलावा उपस्थित रहे।

### शिविर अपनी मांग व समस्याओं समाधान कराने पहुंचे ग्रामीण



**चारामा।** चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दरगहन में 6 मई को समाधान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमे लगभग 10 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों से प्राप्त मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदनों का विभागवार निराकरण किया गया। आयोजित शिविर में कुछ ग्रामीणों व शिशुओं का मौके पर ही आधार कार्ड बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामीणों का उपचार कर दवाइयां भी वितरित की गई। समाधान शिविर में जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, जनपद सदस्य बिस्मत नरेटी, अमिता बंजारे, राजू नरेटी सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन, एसडीएम नरेंद्र बंजारा, तहसीलदार सत्येंद्र शुक्ल, जनपद सीईओ गोपाल सिंह कंवर, नायब तहसीलदार हेमलता सलाम, जनपद पंचायत एडीशनल सीईओ वेनू सुकदेवे सहित समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवती के आधार कार्ड को किया गया तत्काल अपडेट



**कांकेर।** सुशासन तिहार के तहत जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन आज अंतागढ़ ब्लॉक के सुदूर एवं संवेदनशील क्षेत्र के ताड़ोकी में आयोजित शिविर में ताड़ोकी निवासी भेदबती ध्रुव ने अपनी पुत्री विनीता का आधार मौके पर ही अपडेट कराया। उन्होंने बताया कि वह काफी दिनों से अपनी बेटी का आधार अपडेट कराने अंतागढ़ जाना चाह रही थीं, लेकिन गांव में ही पता चला कि सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर लगाया गया है। वह अपनी बेटी को लेकर शिविर स्थल में पहुंची, जहां पर विनीता की आयरिश और फिंगर प्रिंट संबंधी अपडेशन का कार्य तत्काल मौके पर किया गया।

### समाधान शिविर में अर्जुन को मिला आधार कार्ड



**कांकेर।** जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत गोण्डाहूर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में पहुंचे ग्राम पंचायत आलपरस के अर्जुन उइके के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें मौके पर नया आधार कार्ड प्रदाय किया गया। उन्होंने कहा कि पहले उनका आधार कार्ड नहीं होने के कारण शासन की योजनाओं से वंचित था। समाधान शिविर में आधार कार्ड मिलने से अब वह विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठा सकेंगे।

## छात्रों के सार्वागीण विकास के लिए शिक्षकों को कर रहे प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- कार्यशाला एवं डेमो क्लास कर दिया जा रहा प्रशिक्षण



शिक्षक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन पैराडाइज स्कूल में किया जा रहा है। जिसमें एनईपी राष्ट्रीय शिक्षा निति एवं एनसीएफ के विषय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा निति के तहत सीखने की उत्कृष्टता के तत्व ज्ञान, क्षमता, मूल्य एवं प्रकृति या स्वभाव के बारे में विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। जिससे स्कूल पुनः प्रारंभ होने के बाद पैराडाइज स्कूल के प्रत्येक छात्र-छात्राओं को विशिष्ट एवं उपयोगी ज्ञान, उन्नत क्षमता विकास, सामाजिक एवं नैतिक मूल्य के प्रभावशाली शिक्षण से सम्पूर्ण व्यक्तित्व के परिवर्तन से उन्हे राष्ट्र के श्रेष्ठ बहुमूल्य मानव संसाधन बना सके।

प्रशिक्षण में शिक्षकों को ब्लुम टेक्सोनामी, शिक्षण अधिगम पद्धिति के द्वारा संज्ञानात्मक, भावानात्मक एवं कलात्मक विकास के द्वारा बच्चों का सर्वागीण विकास हो जिससे राष्ट्र का आदर्श नागरिक बन सकें। शिक्षक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के अंर्तगत स्कूली शिक्षा के उद्देश्य अंतर्गत बच्चों में तर्क सम्मत सोच, स्वतंत्र विचार, आत्मअनुशासन, स्वास्थय, जनकल्याण, देश एवं समाज के आर्थिक प्रगति मे अपनी भागीदारी, प्रजातंत्र मे प्रचंड आस्था, देश के सांस्कृतिक उन्नति द्वारा अपना आदर्श जीवन जीने का कला का शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण मे बच्चों को सभी विषयों के समुचित ज्ञान को विभिन्न शिक्षण विधियों एवं सहायक सामग्रियों के माध्यमों से कठिन से कठिन पाठ्यवस्तु को सरल से सरल ढंग से कैसे शिक्षण प्रदान किया जाए। इसका भी प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला में शिक्षक शिक्षण सामाग्री का निर्माण कर उसे डेमो क्लास में उपयोग कर रहें है।

**इनका है मार्गदर्शन**

पैराडाइज स्कूल के सम्पूर्ण छात्र-छात्राओं के सर्वागीण विकास के लिए दिए जा रहे शिक्षण प्रशिक्षण में प्राचार्य रश्मि रजक एवं उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, पूनम जीत कौर के मार्गदर्शन में दिया जा रहा है।

### विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, दिए निर्देश

**जगदलपुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुंरदी में वार्षिक मंडई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने माता शीतला मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना की। साथ ही जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उन समस्याओं को निराकरण करने संबंधित विभाग को निर्देश दिया। ग्रामवासियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक का तिलक लगाकर स्वागत किया। श्रीदेव ने कहा कि कुंरदी मे माता शीतला मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर :शेष पेज 12 पर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। बस्तर में आयोजित मेला,मंडई का अपना विशेष महत्व होता है।

## धर्म परिवर्तन को लेकर आदिवासी समाज में विवाद चले डंडे, प्रकरण पंजीबद्ध





हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा

ग्राम पंचायत करीगुण्डम में धर्मान्तरण के विषय पर बीते माह 16 अप्रैल को आदिवासी परिवारों को गांव से बेदखल करने की सूचना के बाद एक फिर किस्टाराम थाना क्षेत्र में ईसाई धर्म अपनाने पर ग्रामीणों की पिटाई के खबर के बाद पुलिस व जिला प्रशासन ने ग्राम निमलगुड़ा में ग्रामीण की बैठक ली। 3 मई को ग्राम निमलगुड़ा में बैठक के दौरान धार्मिक विषयों को लेकर मारपीट व विवाद की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर देवेश ध्रुव और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के निर्देश में तत्काल एसडीएम कोंटा शबाब खान और एसडीओपी मरईगुड़ा शिखर मरावी को ग्राम निमलगुड़ा भेजा गया।

### सुशासन तिहार से कोई लाभ नहीं : मौर्य

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सुशासन तिहार सिर्फ ढकोसला है,जनता को इससे कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। बस्तर जिले में सुशासन तिहार के तहत 1.88 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनका आज पर्यंत तक निराकरण नहीं हुआ है वहीं नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए जगदलपुर भारतीय जनता पार्टी की नगर निगम सरकार द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर केंद्र शहर के समस्त वार्डो में खोला गया था, आज तक उन आवेदनों का कोई भी निराकरण नहीं हुआ। बस्तर जिले में आए दिन बिजली बंद,बिजली कटौती से आम जनता परेशान है। जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### मामा के घर से एक माह पहले हुई थी गायब

# नाबालिग बालिका का अपहरण कर ले जाने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



एक माह पहले मामा के घर से गायब हुई नाबालिग को पुलिस ने खोज निकाला और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। नाबालिक के बयान पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करते हुए न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

शिकायतकर्ता ने कांकेर पुलिस को 10 अप्रैल को बताया था कि मेरे तीन बच्चे है, जिसमें 02 लड़की और 01 लड़का है। वार्षिक परीक्षा समाप्त होने के बाद पीड़िता अपने मामा के घर एक सप्ताह पहले गई थी। अपने मामा के घर में रह रही थी। शिकायतकर्ता की पत्नी ने 9 अप्रैल को सुबह 11 बजे शिकायतकर्ता को बताया कि नबालिग बेटी अपने मामा के घर में नहीं है। आसपास में रहने वाले एवं मेरे रिश्तेदारों को फोन से पता किया , कहीं पता नहीं चला। मुझे शंका है कि मेरी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। अपहरण का मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने विवेचना शुरू किया। इस दौरान पता चला कि संदेही आरोपी लव कचलाम पिता कचलाम उम्र 24 वर्ष निवासी आंधेवाड़ा थाना कोड़ेकुर्से के पास नाबालिग है। पुलिस ने संदेही के पास से नाबालिक को दस्तयाब किया। संदेही को गिरफ्तार करते हुए परिजनों को जानकारी दिया गया। प्रकरण में आरोपी के द्वारा जबरदस्ती शारीरीक संबंध बनाने से आरोपी के विरूद्ध धारा 64(1), 64(2), (एम), 65 (1) बीएनएस, धारा 4,6 पॉक्सो एक्ट की धारा का समावेश किया गया है। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 6 मई को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### इनकी रही अहम भूमिका

थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में सउनि चेतन साहू, महिला प्र.आर. ज्योति साहू, आरक्षक राकेश बघेल, राकेश लकड़ा एवं महिला आरक्षक गणेश्वरी कोड़ोपी की गिरफ्तार करने में अहम भूमिका रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411